24 June 2025_Copy of Layout 1 6/24/2025 1:44 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 355 | देहरादून, मंगलवार 24 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति



पेज-07

## न्यूज डायरी

### आईएमए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेन्द्र सिंह ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में आईएमए देहरादून के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेन्द्र सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

### वन और खनन तस्करों के वाहन सरकारी संपत्ति घोषित, हुए नीलाम

**हल्द्वानी।** प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागड़ी ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन में लिप्त 8 वाहनों को राजसात (सरकारी संपत्ति) घोषित कर दिया है। इन वाहनों को भारतीय वन अधिनियम 1027 के तहत राजसात घोषित करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि डिवीजन के अलग–अलग रेंजों में वन अपराध में लिप्त तस्करों के पकड़े गए वाहन बड़ी संख्या में खड़े हैं। कई ऐसे वाहन हैं जो सालों पुराने हो चुके हैं। इन वाहनों के स्वामियों के नहीं आने के बाद वाहनों के चेचिस नंबर के माध्यम से उनकी तलाश की गई। जिसके बाद वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा गया था। वाहन स्वामी की ओर से कोई उत्तर नहीं मिलने पर विभाग ने इन वाहनों को सरकारी संपत्ति घोषित किया। जिसके तहत विभाग को करीब 10 लाख रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई है। डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने बताया कि नीलामी में पूरी तरह से प्रदर्शित बढ़ती गई जहां करीब 50 लोगों ने नीलामी प्रक्रिया में भाग लिया. विभाग द्वारा निर्धारित मूल्य से दोगुना का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन और लकड़ी तस्करी के मामले में जो भी वाहन पकड़े जा रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीएम ने किया सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया एवं खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन खेल भावना, एकता और शांति के मूल्यों को समर्पित है। ओलंपिक केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समर्पण, साधना और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य हुए है। भारत अब खेलों में केवल भागीदार नहीं, बल्कि विजेता के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2023 के एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक 2020 के लिए भारत के 126 खिलाड़ियों ने क्वालिफाई किया, जो देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को 'खेलभूमि' के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों, खेल विश्वविद्यालय हल्द्वानी तथा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल नीति के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, खेल भत्ता, तथा उत्तराखंड खेल रत्न और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ में किया पौधारोपण

**बदरीनाथ।** जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनका स्मरण करते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम हरित धरा अभियान के तहत श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने श्री बदरीनाथ धाम के झुनझुन काटेज परिसर में वृक्षारोपण रोपण किया। इस अवसर पर पेड़वाले गुरुजी धन सिंह घरिया बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। बीकेटीसी द्वारा वनद्द विभाग के सहयोग से भोजपत्र, बुरांश, रैक्चयू के वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष



हेमंत द्विवेदी ने कहा कि आज का दिन स्मरणीय है जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर बचाने को अपना बलिदान दिया था इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं उन्ही का स्मरण करते हुए यह वृक्षारोपण किया गया है साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी मंदिर समिति आगे बढा रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने का संकल्प लिया है जिससे हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण भी होगा।

# हरदा बिखरी टीम के शून्य पर आउट हारे हुए कप्तान, सेमीफाइनल का दावा हास्यास्पद: चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत बिना टीम के 2027 का फाइनल जीतने का दावा कर रहे हैं जो कि पूरी तरह से हास्यास्पद है।



उन्होंने कहा कि वह दो मुकाबलों मे शून्य पर आउट होने वाले कप्तान है और उनके नेतृत्व में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई है। पूर्व सीएम के बयान पर पलटवार करते हुए चौहान ने कहा कि अब उनकी रणनीति को लेकर कांग्रेस मे ही सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के लंगड़े घोड़े संबंधी बयांन को कांग्रेस के ही बड़े नेता हरदा से जोड़कर देख रहे है। बीते दिनों कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और विधायक की तकरार भी सामने आयी थी जिसमे विधायक हरदा का बचाव करते दिखे। चौहान ने कहा कि हरदा की कप्तानी मे 2017 और 2022 मे हुए मुकाबले मे कांग्रेस का क्या हस्र हुआ यह किसी से छिपा नही है।

हालांकि हरदा दोनों ही मुकाबलों मे शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज रहे। अब हरदा खुद पर भी संदेह जता रहे हैं और मैदान मे होने को गलती करार दे रहे है। बड़े मुकाबले मे वह और उनकी टीम अब तक कहीं भी नजर नही आयी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास सीएम पुष्कर धामी के रूप मे ऐसा आलराउंडर है कि जो बेटिंग और बौलिंग मे ओपन के साथ मैदानी रणनीति मे विपक्ष को मौका नही देता। जनता बार बार भाजपा को विकास कार्यों की बदौलत मौका दे रही है और कांग्रेस को यह समझने की जरूरत है कि उसे जनता ने माफ नही किया है। हरदा माफी मांगने राज्य के सभी तीर्थों का भ्रमण कर आये हैं, लेकिन अभी जनता की अदालत मे नही गए है, क्योकि वह सच जानते हैं।

चौहान ने कहा कि पहले पंचायत चुनाव न कराने की मंशा का आरोप सरकार पर लगा रही कांग्रेस अब चुनाव घोषित होने के बाद अब आरक्षण का राग अलाप रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने जो रोस्टर जारी किया वह विधि सम्मत और नियमों के अनुरूप है। आपतियाँ मांगने के बाद सभी का निस्तारण हुआ है, लेकिन हार की आशंका से कांग्रेस डरी है और खुद इसे 2027 का सेमी फाइनल भी करार दे रही है। उन्होंने कहा कि फाइनल के लिए कांग्रेस को पहले कप्तान और टीम गठन पर फोकस करने की जरूरत है। कांग्रेस मे कप्तान कोई भी हो हरदा सुपर बॉस अब तक रहे हैं। जिन पंचायतों को कांग्रेस सेमीफाइनल करार दे रही है वहां कांग्रेस का कोई ढांचा नही है, जबकि भाजपा का बूथ और यूथ हर जिले मे मजबूती से सेवा कार्यों मे जुटा है।

# संपादकीय

## शशि थरूर नहीं होंगे बीजेपी में शामिल

शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा की प्रशंसा करते हुए उनकी टिप्पणी भारत के आउटरीच मिशन की सफलता के संदर्भ में थी। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री की पार्टी में शामिल होने के लिए उनके संकेत नहीं हैं, जैसा कि कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है। थरूर ने कहा, यह एक ऐसा लेख है जिसमें मैंने इस आउटरीच मिशन की सफलता का वर्णन किया है, जो सभी दलों की एकता को दर्शाता है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मैंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद अन्य देशों के साथ बातचीत में गतिशीलता और ऊर्जा का प्रदर्शन किया है। भाजपा की विदेश नीति या कांग्रेस की विदेश नीति जैसी कोई चीज नहीं है। केवल भारतीय विदेश नीति है। थरूर ने कहा, ष्मैंने यह बात 11 साल पहले कही थी, जब मुझे संसद की विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा, ष्यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी में शामिल होने का मेरा संकेत नहीं है। यह राष्ट्रीय एकता का संदेश है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक ''अहम पूंजी'' बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी एक बार फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है तथा पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है। प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर ''अलग–थलग'' पड़ गया है। थरूर ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' के लिए लिखे एक लेख में कहा कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर थरूर के इस लेख को साझा किया और कहा, लोकसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शशि थरूर लिखते हैंरू ''ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित वैश्विक पहुंच से सबक।''

# गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सिख सेवक जत्थे की 63 वीं वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में मीरी पीरी के मालिक छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक कथा –कीर्तन के रूप में मनाया गया, इस अवसर पर गुरु साहिब जी बनाई हुई निहंग सिंह जत्थेबंदीओ व गतका की प्रथा को आगे बढ़ाने वाली जत्थेबंदीओ को सम्मानित किया गया।




शबद कीर्तन करते हुए।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक निवास, में आयोजित कार्यक्रम में नितनेम के पश्चात भाई गुरदयाल सिंह ने आसा की वार का शब्द गायन किया, सेवक परिवार स. जसपाल सिंह जी के द्वारा रखे हुए श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग के पश्चात हजुरी रागी भाई नरेन्दर सिंह एवं बेबे नानकी सेवक जत्थे ने शब्द गायन किया। दरबार साहिब श्री अमृतसर से आए हुए भाई वीरेंद्र सिंह के हजुरी रागी ने पंज प्याले पंज पीर छटम पीर बैठा गुर भारी का शब्द गायन किया, गुरुद्वारा सिंह सभा के हेड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब का जीवन एक बड़े योद्धा के रूप में व परोपकारी वाला रहा है मीरी –पीरी की दो तलवारें पहन कर गुरु जी ने धर्म और राजनीति का सुमेल किया। दरबार श्री अमृतसर से पधारे भाई लखविन्द्र सिंह जी ने शब्द "सो सतगुरु प्यारा मेरा नाल है " का गायन कर संगत को निहाल किया। प्रधान स. गुलजार सिंह ने संगत को प्रकाश पर्व की वधाई दी। सरदार गुलजार सिंह के द्वारा गु. श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान स.गुरबक्श सिंह राजन को उनके सहयोग हेतु सम्मान चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया व श्याम अग्रवाल राज्य मंत्री, सुनील उनियाल गामा पूर्व मेयर, अशोक वर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जत्थे के प्रधान स. गुलजार सिंह, महासचिव दरिंद्र सिंह भसीन, उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह कोहली, आर एस राणा,मनजीत सिंह, कोषाध्यक्ष सतनाम सिंह, सचिव अरविन्दर सिंह, गुरप्रीत सिंह जौली, गु. सिंह सभा के प्रधान गुरबक्श सिंह राजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा, इन्दर सिंह, हरभजन सिंह, दविंदर सिंह सहदेव, दिलबाग सिंह,जगमोहन सिंह अरविन्द सिंह आदि कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलने में सहयोग प्रदान कर रहे थे।

# 48 लाख आवेदनों में से 60244 उम्मीदवारों का योग्यता व कौशलता के बल पर चयन का जबरदस्त आगाज़



## न खर्ची न पर्ची,पूरी पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश से हुई भर्ती मॉडल को सभी राज्यों ने अपनाना समय की मांग

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भ्रष्टाचार रूपी महामारी का डंक पूरी दुनियाँ का हर देश झेल रहा है जिसके उपाय रूपी वैक्सीन का आविष्कार शायद अभी किसी देश ने नहीं किया है,परंतु उपायों पर काम जरूर चल रहा है,अगर मन में संकल्प हो,व दिल मेंजज्बा लेकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकना है तो, मेरा मानना है कि डंके की चोट पर सरकारी नौकरियों में न खर्ची न पर्ची, पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश के साथ भारती करना होगा जिसमें पीएम से लेकर सीएम तक व गृहमंत्री से लेकर अंतिम स्टेज के कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग करना होगा।

आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि रविवार 15 जून 2025 को मैं देर शाम से टीवी चौनलों इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया से लगातार टच में रहकर यूपी के लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान स्थल पर बड़े पैमाने पर चल रहे 60244 अभ्यर्थियों के जॉइनिंग लेटर सौंपने का समारोह चल रहा था जिसपर मीडिया के माध्यम से मेरी पूरी नजर लगी हुई थी, उसमें माननीय केंद्रीय गृहमंत्री ने दिल को छू लेने वालीबात कही कि यहां 60244 अभ्यर्थी बैठे हैं, हिम्मत से कह रहा हूं कि किसी को भी एक रूपए रिश्वत नहीं देनी पड़ी,बस! यही बात और यही मॉडल मैं एडवोकेशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, चाहता हूं कि पूरे देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाए जो, माननीय पीएम और गृहमंत्री ही कर सकते हैं,सेल्यूट सर।चूँकि आज देश के सामने इतनी बढ़ी भर्ती व पारदर्शिता की गारंटी वाली मिसाल कायम हुई है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे न खर्ची न पर्ची पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश से हुई भर्ती मॉडल को सभी राज्यों ने अपनाना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान पर 15 जून 2025 को चल रहे नौकरी जॉइनिंग लेटर सौंपने का समारोह की करें तो,यूपी में 60,244 चयनित सिपाहियों को जॉइनिंग लेटर दिए गए। इनमें से 15 को केंद्रीय गृहमंत्री और सीएम ने लेटर बांटे। बाकियों को समारोह स्थल पर दिए गए। यूपी में पहली बार ऐसा हुआ, जब इतने बड़े पैमाने पर जॉइनिंग लेटर बांटे गए।चयनित सिपाहियों को 1,300 बसों से लखनऊ लाया गया।गृहमंत्री ने लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में कहा– यूपी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। इस काम को आप सभी 60 हजार युवाओं को और आगे बढ़ाना है। अगले पांच सालों में ऐसी व्यवस्था हो जाएगी कि किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल के भीतर उसपर सुप्रीम कोर्ट तक फैसला हो जाएगा।

उन्होंने कहा– पहले 11 राज्यों में नक्सलवाद हुआ करता था। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाइयां कीं। मेरी बात याद रखना, 31 मार्च, 2026 तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।आगे बोले– बिना पर्ची, बिना खर्ची के हुई ये भर्ती रेखांकित करने योग्य है पिछली सरकारों में कई सारी भर्तियां भी हुई,परंतु मेरे सामने 60,244 अभ्यर्थी बैठे हैं। मैं उनके सामने हिम्मत के साथ कह रहा हूं कि किसी को एक रुपए की रिश्वत किसी को देनी नहीं पड़ी है। भर्ती पारदर्शिता के साथ हुई है। न खर्ची, न पर्ची, सिफारिश से भी नहीं, जाति के आधार पर भी नहीं, और भ्रष्टाचार से भी नहीं। योग्यता के आधार पर 48 लाख आवेदन में से आपका चयन आपकी योग्यता के आधार पर हुआ है।सिपाही भर्ती में 12 हजार से अधिक बच्चियां हैं, जिनके चेहरे की मुस्कान और तेज देखकर काफी सुकून मिला है। गृहमंत्री ने कहा कि 60,244 युवाओं के लिए आज का दिन शुभ है।चयनित सिपाही बोले– एक भी रुपया घूस नहीं लगा। सीएम ने कहा– याद रखना ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, खून उतना कम बहेगा। गरीब से गरीब परिवार का बेटा सिपाही बना है। 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं, चाहे दलित हों, पिछड़े, महिला या पुरुष सबको बिना किसी भेदभाव के भर्ती का अवसर मिला है। उन्होंने अच्छी पुलिस साबित होने का संदेश दिया है।

साथियों बात अगर हम 60244 अभ्यर्थियों के सिलेक्शन की पूरी प्रक्रिया की करें तो,48 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इस परीक्षा में 150 सवाल पूछे गए थे। हर सवाल के 2 नंबर तय थे, यानें कुल 300 नंबरों की परीक्षा हुई थी। माइनस मार्किंग भी थी,हर गलत सवाल पर 0.25 नंबर काटे गए।सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा के बाद 1,74,316 अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। 10 से 27 फरवरी 2025 के बीचफिजिकल टेस्ट कराया गया,इसके बाद नॉर्मलाइज्ड स्कोर और आरक्षण नियमों के आधार पर फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की गई। तीन महीने पहले, यानी 13 मार्च को फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया था।12,048 महिलाओं और 48,196 पुरुषों ने परीक्षा पास की थी। जिसके आधार पर अंतिम रिजल्ट निकला। साथियों बात अगर हम भारत के महाशक्ति बनने में भ्रष्टाचार भी एक कसौटी होने की करें तो, भारत के महाशक्ति बनने की सम्भावना का आकलन अमरीका एवं चीन की तुलना से किया जा सकता है। महाशक्ति बनने की पहली कसौटी तकनीकी नेतृत्व है। दूसरी कसौटी श्रम के मूल्य की है। महाशक्ति बनने के लिये श्रम का मूल्य कम रहना चाहिये।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि न खर्ची न पर्ची,पूरी पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश से हुई भर्ती मॉडल को सभी राज्यों ने अपनाना समय की मांग। 48 लाख आवेदनों में से 60244 उम्मीदवारों का योग्यता व कौशलता के बल पर चयन का जबरदस्त आगाज। मेरे सामने 60244 अभ्यर्थी बैठे हैं,उनके सामने हिम्मत से कह रहा हूं कि किसी को भी एक रूपए की रिश्वत नहीं देनी पड़ी है केंद्रीय गृहमंत्रीकी सराहनीय हुंकार को सेल्यूट।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

24 June 2025_Copy of Layout 1 6/24/2025 1:44 PM Page 3



# मलिन बस्तियों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा सरकार द्वारा मलिन बस्तियों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रितेश छेत्री के नेतृत्व में युमना कालोनी चौक पर सरकार का पुतला दहन किया।

इस असवर पर उन्होंने कहा कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2016 में राज्य की मलिन बस्तियों के नियमितीकरण एवं मालिकाना हक के लिए कानून बनाने के बावजूद राज्य की भाजपा सरकार द्वारा जनता को गुमराह करने की नीयत से मलिन बस्तियों के सम्बन्ध में मंत्रिमण्डल में विधेयक लाया गया, जिसमें अनेकों खामियां थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव असहाय एवं गरीब लोगो की हितैषी रही है। रितेश ने भारतीय जनता पार्टी की धामी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी है। उन्होने कहा कि जब कांग्रेस सरकार द्वारा 10 अगस्त 2016 को मलिन बस्तियों के



सरकार का पुतला फूंकते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

नियमितीकरण व मालिकाना हक तथा पुनर्वास के लिए कानून बना दिया गया था, इसके बावजूद भी भाजपा सरकार के इशारे पर देहरादून प्रशासन द्वारा हजारों मलिन बस्तीवासियो को अपने निर्माण हटाने अथवा सरकारी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी का नोटिस जारी कर उनके बस्तियों को ध्वस्त करने की अपनी मानसिकता स्पष्ट कर दी है कि उसे गरीबों को कोई चिन्ता नहीं है। उन्होने कहा कि कांग्रेस भाजपा सरकार के इस कुकृत्य का सड़क से लेकर सधन तक कड़ा विरोध करेगी तथा इसके पश्चात भी अगर सोई हुई राज्य सरकार नहीं जागती है तो उसका विरोध जेल भरो आंदोलन तक किया जाएगा

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय शर्मा जी ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सरकार में मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने का काम किया, परन्तु भाजपा सरकार उनके घरों पर बुलडोजर लगाने का काम कर रही है जिसे कांग्रेस किसी भी हालत मे बर्दाश्त नही करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने नाकामियों को छुपाने के लिए रोज नये–नये हथकण्डे अपनाकर जनता को ध्यान भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मलिन बस्तीवासी भाजपा की गरीब विरोधी मानसिकता को समझ चुके हैं और अब उसके झांसे में आने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मलिनबस्तियों के हक के लिए यह लड़ाई जारी रखेगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विरेन्द्र पोखरियाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता मोनी,पीयूष जोशी, मोहन जोशी, चरनजीत कौशल,जगदीश धीमान, सुमित्रा ध्यानी, माहेश्व भंगेल, राजीव प्रजापति, मुकेश चौहान, साहिल, विशाल, रेहमान खान, अभिषेक मेहता, रोहित सोनकर, शेखर, अंकित, राहुल सर्यवंशी, आर्यन सोनकर आदि उपस्थित थे।

## पेड़ में लटका मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**देहरादून।** प्रदेश की राजधानी दून में राजपुर रोड पर एयर फोर्स ऑफिसर्स मेस के पास एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थिति में सड़क किनारे पेड़ से लटका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, देर रात कोतवाली डालनवाला को राजपुर रोड पर एयर फोर्स ऑफिसर्स मेस के पास एक व्यक्ति के नग्न अवस्था के सड़क किनारे पेड़ से लटके होने की सूचना मिली।

सूचना मिलने के बाद कोतवाली डालनवाला पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस द्वारा व्यक्ति को नीचे उतारकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। पुलिस द्वारा घटनास्थल की जांच पड़ताल करने पर मृतक के संबंध में आसपास के लोगों से जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था, जो अक्सर केवल गमछा पहनकर नग्न अवस्था में ही सड़क पर घूमता रहता था।

## खेत में बकरियां चरा रही महिला को घात लगाकर बैठे गुलदार ने मार डाला

**कोटद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत जवाड़ के हलसी गांव में गुलदार के हमले में एक महिला की मौत हो गई। जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। यह घटना रविवार शाम को हुई, जब 34 वर्षीय लता देवी पत्नी जयवीर सिंह अपने घर के पास खेत में बकरियां चरा रही थीं। सूचना पर पौखाल क्षेत्र के कानूनगो और पटवारी गांव के लिए रवाना हुए।

ग्राम पंचायत जवाड़ के पूर्व प्रधान राजेश मियां ने बताया कि झाड़ियों में घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक लता देवी पर हमला कर दिया। उनके चीखने की आवाज सुनकर परिजन घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन जब तक वे वहां पहुंचते लता ने दम तोड़ दिया था। उनकी गर्दन पर गहरे घाव के निशान मिले हैं। घटना की सूचना तुरंत तहसील प्रशासन और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही पौखाल क्षेत्र के कानूनगो राकेश डबराल और पटवारी कांता प्रसाद गांव के लिए रवाना हुए। लैंसडौन वन प्रभाग के डीएफओ आकाश गंगवार और दुगड्डा के रेंजर उमेश चंद्र जोशी भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच रहे हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद जवाड़, बिस्ताना, कांडाखाल, बनाली, पल्ला, बिरमोली, बड़ेथ, सुंडल, उडियारी, दीवा सहित आसपास के कई गांवों में भय का माहौल है। डीएफओ आकाश गंगवार ने पुष्टि की है कि महिला की मौत गुलदार के हमले से हुई है।

## भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सीएम धामी ने की शिरकत

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को जगद्गुरु आश्रम पहुंचकर शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस के समापन समारोह ने भाग लिया। सीएम धामी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ, मजदूरों और उद्योगों के बीच सामंजस्य स्थापित कर दोनों के विकास के लिए कार्य कर रहा है।




कार्यक्रम में सीएम धामी का स्वागत करते हुए।

भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि, आज भारतीय मजदूर संघ, मजदूरों के लिए और उसके साथ–साथ उद्योग, दोनों के विकास में एक अच्छा समन्वय बना रहा है। हमारा भी प्रयास है कि हमारे श्रमिकों को सभी अच्छी सुविधा पीएम मोदी के नेतृत्व में मिलते रहे। उत्तराखंड में भी हम इस दिशा में काम कर रहे हैं कि सब लोग मिलकर उत्तराखंड को एक समृद्ध और देश का श्रेष्ठ राज्य बनाए. इसमें हमारे श्रमिक भाई भी अपना योगदान दे रहे हैं और भारतीय मजदूर संघ इस दिशा में निरंतर काम कर रहा है।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। लगातार बड़ी संख्या में यात्री चारधाम यात्रा के अलावा उत्तराखंड के अन्य दर्शनीय स्थलों के भी दर्शन कर रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि, कावंड़ यात्रा शुरू होने जा रही है। जिसके लिए उत्तराखंड सरकार पूरी तरह से तैयार है और जल्द ही उनके द्वारा कावंड़ मेले को लेकर समीक्षा बैठक ली जाएगी।

## देहरादून के डाकरा गुरुद्वारा में 20 केवी क्षमता के सोलर पावर प्लांट का मंत्री जोशी ने किया उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित डाकरा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधायक निधि से निर्मित हुए 20 किलोवाट सोलर पावर प्लांट का उदघाटन किया।

लगभग 10 लाख की लागत से निर्मित यह सोलर प्लांट डाकरा स्थित गुरुद्वारा में स्थापित किया गया है और लगभग 3000 यूनिट प्रतिमाह बिजली का उत्पादन इस सयंत्र के माध्यम से होगा। उद्घाटन के बाद अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पिछले वर्ष 14 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति के



पावन अवसर पर जब मैंने आप सबके बीच यह घोषणा की थी कि गुरुद्वारा साहिब परिसर में 20 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा, तब वह सिर्फ एक घोषणा नहीं थी, वह एक प्रतिबद्धता थी, एक वादा था। उन्होंने कहा कि करीब 10 लाख 10 हजार की लागत से 20 किलोवाट क्षमता वाला यह सौर पावर प्लांट अब पूरी तरह स्थापित हो चुका है। इससे प्रतिदिन 100 यूनिट और महीने में लगभग 3000 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। अब गुरुद्वारा साहिब बिजली के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गया है। अपनी बिजली खुद बनाएगा, और अपनी बनाई बिजली खुद उपयोग करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार इस हरित क्रांति को रोजगार के साथ जोड़ा है। "मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना" इसका जीवंत उदाहरण है, जो प्रधानमंत्री मोदी के वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड के संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड का हर पर्वतीय गांव, हर नौजवान, इस योजना के माध्यम से रोजगार भी पा रहा है और ऊर्जा का सशक्त उत्पादनकर्ता भी बन रहा है। गुरुद्वारा साहिब में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना एक शुरुआत है, पूरा उत्तराखंड सौर ऊर्जा की शक्ति से रोशन होगा और हर युवा स्वरोजगार से स्वाभिमान की रोशनी फैलाएगा। कैबिनेट मंत्री ने गढ़ी कैंट क्षेत्र में सरकार के माध्यम से हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य का सबसे बड़ा समुदायिक भवन कैंट क्षेत्र में निर्मित हो चुका है। गढ़ी कैंट क्षेत्रवासियों की सीवरेज की मांग को देखते हुए 58 करोड़ की योजना को स्वीकृत कर लिया गया हैए जिसकी निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, पेयजल की समस्या के निदान के लिए कई स्थानों पर नलकूपों का निर्माण किया गया है। शहीदों के नाम पर द्वार बनाने का कार्य भी कैंटोमेंट क्षेत्र में हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों वीरपुर पुल का निर्माण भी रिकॉर्ड समय के अंतर्गत करवाया गया था।

# जिलाधिकारी का जन दर्शन हिटय एक ही छत के नीचे न्याय, शिक्षा, रोजगार, नाफरमानी पर सख्त एक्शन

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन, जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनता दर्शन में आज 150 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर शिकायत भूमि विवाद, अतिक्रमण, अवैध कब्जे आपसी विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त नगर निगम, श्रम विभाग, समाज कल्याण, एमडीडीए, जल संस्थान, सिंचाई, वन आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायतों पर समस्त उप जिलाधिकारी तहसीलदारों को निर्देशित किया इस प्रकार की शिकायतों पर मौका मुआवना की फील्ड स्टॉप से प्राप्त हो रही रिपोर्ट का आंकलन करते हुए अपना मंतव्य लिख आख्या प्रेषित करें तथा स्वयं भी मौका मुआवना कर धरातल की स्थिति से अवगत होते हुए कार्यवाही करें। वहीं अन्य विभागों के अधिकारियों को



डीएम बैठक लेते हुए।

निर्देशित किया अपने विभाग से प्राप्त शिकायतोंध्समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता को सूचित किया जाए तथा अपने स्तर पर भी शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटिरिंग करें। दिव्यांग फरियादी इजाजउद्दीन ने पुत्री के विवाह के लिए आर्थिक सहायता का अनुरोध किया जिस पर डीएम ने समाज कल्याण अधिकारी अधिकारी को 25 हजार की धनराशि देने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए। रीठामंडी निवासी फरियादी अतियी मन्नो को रोजगार के साथ उनकी बेटी को प्रोजेक्ट नंदा–सुनंदा से शिक्षा पुनर्जीवित की गई। वहीं फरियादी सत्यनारण ने अपनी शिकातय में बताया की उनका एवं यूनियन बैंक के बीच वाद लोक अदालत में निस्तारित हो गया है तथा उनके द्वारा बैंक को धनराशि जमा भी कर दी गई किन्तु बैंक इसे मान नही रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने यूनियन बैंक के प्रबन्धक को तलब किया तथा सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण से भी आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया। फरियादी संतोष गुप्ता, महेश उनियाल, बजुर्ग शाकुम्बरी देवली को विधिक सलाह व निःशुल्क वकील उपलब्ध कराने हेतु सचिव विधिक सेवा प्रधिकरण को पत्र लिखा।

शिकायतकर्ता ब्रिगेडियर सुशील कुमार नेगी ने अपनी शिकायत में बतायस कि उनके द्वारा हसनपुर विकासनगर में भूमि क्रय की गई तथा भूमि की पैमाईश कर मेड स्थापित की गई। कुछ भूमाफियाओं द्वारा पौल एवं दीवार की तोड़फोड़ की गई,जिसकी सूचना पर थाना सहसपुर में मुकदमा दर्ज है। प्रकरण पर उचित जांच कर कार्यवाही कर न्याय दिलाने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम विकासनगर को 1 सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम भटकोटी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वे अपनी बेटियों के लिए देहरादून में आर ए

### लोक अदालत में निस्तारित प्रकरण पर बैंक कर रहा आनाकानी, डीएम ने बैंक प्रबन्धक को किया तलब

कन्स्ट्रक्शन से भूमि क्रय कर रहे थे,जिसके लिए उनसे 27 लाख रू0 भी लिए गए किन्तु 6 महीने से अधिक समय से सम्बन्धित डीलर रजिस्ट्री के लिए भटका रहे हैं तथा बहाने बाजी कर रहे हैं, तथा उस खसरा संख्या में भूमि नही है की बात कर रहे हैं, जिस पर डीएम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को वरिष्ठ नागरिक सेल में वाद पंजीकृत कर जांच एवं विधिक एक्शन करने के निर्देश दिए। बलभद्र खलंगा विकास समिति नालापानी ने अपने पत्र में खलंगा नालापानी स्थित आरक्षित 40 बीघा वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा 12 जून को लोहे के पोल व बड़े वाहनों के लिए दो बड़े गेट लगा दिया था तथा शाल के पेड़ भी काट दिए गए। उनके द्वारा आरक्षित वन भूमि का अस्तित्व व स्वरूप यथावत रखने का अनुरोध किया, जिस पर डीएम ने प्रभारी अधिकारी ग्रामीण सिलिंग कलैक्ट्रेट को कार्यवाही करते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## दून पुलिस का बड़ा सत्यापन अभियानः 1300 से अधिक लोगों की जांच, 5.6 लाख का जुर्माना वसूला


देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह के निर्देशन में देहरादून पुलिस द्वारा चलाया जा रहा सत्यापन अभियान लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रविवार को पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर बाहरी व्यक्तियों, संदिग्धों और किरायेदारों का सत्यापन किया गया।

पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई में 1300 से अधिक किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। वहीं, किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 56 मकान मालिकों और हॉस्टल संचालकों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए ध्5,60,000 का भारी जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही 32 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया, जहां उनका आवश्यक सत्यापन किया गया। सत्यापन अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 अन्य लोगों पर भी कार्रवाई करते हुए ध्2,000 का जुर्माना पुलिस एक्ट की धारा 81 के तहत वसूला गया।

एसएसपी देहरादून ने स्पष्ट किया है कि जनपद में रहने वाले सभी बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों का सत्यापन अनिवार्य है और इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

## 30 किमी ट्रैकिंग कर केदारनाथ पहुंचे फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बीते 13 जून को फिल्म अभिनेता व मॉडल रहे मिलिंद सोमन भी ट्रैकिंग कर केदारनाथ धाम पहुंचे थे। फिल्म अभिनेता व मॉडल मिलिंद सोमन पत्नी के साथ चौमासी–खाम बुग्याल–भैरवनाथ–हथनी कोल ट्रैक से 30 किमी की ट्रेकिंग कर केदारनाथ पहुंचे थे और बाबा केदार के दर्शन किए।



फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन।

उन्होंने केदारनाथ भ्रमण और ट्रैकिंग के फोटो, वीडियो अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर साझा किए तो इसका पता चला।

उन्होंने लिखा कि यहां खड़ी चढ़ाई चढ़ते हुए जो थकान थी वह बाबा केदार के दर्शन करते ही दूर हो गई। वह यहां की सुंदरता के कायल हो गए बीते 13 जून को फिल्म अभिनेता व मॉडल रहे मिलिंद सोमन (60) पत्नी अंकिता कोंवर के साथ कालीमठ घाटी के आखिरी गांव चौमासी पहुंचे थे। यहां उन्होंने सतेंद्र सिंह तिंदोरी के होम स्टे में रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी व्यंजन लिंगुड़े की सब्जी, भंगजीरे की चटनी, मंडुवे की रोटी और झंगोरे की खीर का स्वाद लिया।

अगले दिन वह स्थानीय युवाओं के साथ चौमासी से केदारनाथ के लिए रवाना हुए। चौमासी से 10 किमी पैदल चलकर रात्रि प्रवास के लिए खाम बुग्याल पहुंचे। 15 जून को हथली कौल से 20 किमी की पैदल दूरी तय कर केदारनाथ पहुंचे और धाम में ही प्रवास किया। 16 जून को उन्होंने बाबा केदार के दर्शन किए और पैदल मार्ग से चौमासी गांव पहुंचे। इसके बाद मुंबई लौट गए।

## रानीखेत, कौसानी, जागेश्वर, चौकोड़ी, मुनस्यारी जाने को तैयार नहीं पर्यटक, कारोबार ठप

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। कैंची धाम का जाम पूरे कुमाऊं मंडल के पर्यटन कारोबार के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गया है। इस जाम से अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ का पूरा पर्यटन कारोबार ठप हो गया है।

पर्यटक जागेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत, कौसानी, चौकोड़ी, मुनस्यारी, पाताल भुवनेश्वर जाने से बच रहे हैं। कैंची में आधा घंटे के सेल्फी टूरिज्म से न कारोबार और न ही स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। दूसरी ओर चार धाम यात्रा रुट पर निर्बाध रूप से यात्रा संचालन का लाभ इस बार आस पास के दूसरे

### कैंची में सेल्फी टूरिज्म से न कारोबार और न ही स्वरोजगार का लाभ

धार्मिक पर्यटन स्थलों को भी मिल रहा है। अकेले कार्तिकेय स्वामी मंदिर में अभी तक 2.60 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन को आ चुके हैं।

कैंची धाम के दर्शन को जहां पहले सीमित संख्या में लोग आते थे, वहां क्रिकेट सुपर स्टार विराट कोहली के दर्शन करने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी आई है। विराट कोहली से पहले एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स 1974 में कैंची धाम आए थे। स्टीव जॉब्स की यात्रा को सोशल मीडिया में प्रचार मिलने के बाद यहां श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी के साथ बढ़ने लगी। अब ये भीड़ पूरे कुमाऊं मंडल के पर्यटन कारोबार से लेकर लोगों के आम जनजीवन को जबरदस्त तरीके से प्रभावित कर रही है। कैंची में लगने वाला जाम भवाली, नैनीताल, भीमताल, काठगोदाम क्षेत्र तक में दिक्कत खड़ी कर रहा है। ऐसे में अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ से आने वालों और नैनीताल, भवाली, भीमताल, हल्द्वानी से आने वाले श्रद्धालुओं को चार से पांच घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है।

कैंची धाम के स्थापना दिवस 15 जून को लेकर तो पुलिस, प्रशासन को युद्धस्तर पर जाम से निपटने की तैयारी करनी होती है। दो से तीन दिन तक पूरा क्षेत्र जाम से पूरी तरह पैक हो जाता है। पैदल चलने तक में दिक्कत पेश आती है। पर्यटकों की कैंची धाम में आने वाली इस भीड़ का स्थानीय पर्यटन कारोबार को कोई खास लाभ नहीं होता। क्योंकि अधिकतर पर्यटक रामपुर, मुरादाबाद, बरेली से दोपहिया वाहनों से महज आधा घंटा के लिए यहां पहुंचते हैं। 10 मिनट दर्शन करने के बाद 10 मिनट सेल्फी लेने के साथ नींबू पानी, खीरा, आलू छोले खाने के बाद निकल जाते हैं। ऐसे में ये भीड़ स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने में कोई बहुत बड़ा योगदान नहीं देती। उल्टा इस भीड़ के कारण अल्मोड़ा में कसार देवी, जागेश्वर, डोल आश्रम, रानीखेत, बिनसर क्षेत्र का पर्यटन कारोबार ठप कर दिया है। इस साल जागेश्वर धाम में महज 58 हजार श्रद्धालु ही दर्शन को पहुंचे हैं। बागेश्वर में कौसानी आने वाले पर्यटक अब यहां आने से कतरा रहे हैं। जबकि कश्मीर में पर्यटन कारोबार प्रभावित होने के बाद वहां जाने वाले पर्यटक सबसे अधिक कौसानी को पसंद करते हैं।

# रामलीला की अंतिम रात्रि बमोथ में मेघनाथ, कुम्भकरण और रावण वध के साथ विभीषण का राज्याभिषेक हुआ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड कर्णप्रयाग व पोखरी क्षेत्रांतर्गत गंगा घाटी के रावलनगर (गौचर), रानों व बमोथ गांव में रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। दर्शकगण देर रात तक रामलीला मंचन का भरपूर आनंद ले रहे हैं।



बीती रात्रि को रावलनगगर में हुई लीला मंचन में अशोक वाटिका, हनुमान जी का लंका में सीता माता से भेंट, लंका दहन, रावण का विभीषण को लंका से निकाला जाना, हनुमान मेघनाथ का संवाद आदि की लीला का दर्शक देर रात तक आनन्द लेते रहे। मंडली अध्यक्ष भरत सिंह नेगी व संरक्षक भागवत सिंह भंडारी ने कहा कि रामलीला मंचन के प्रति जनता में भारी उत्साह है। इस मौके पर मंडली के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ नगरपालिका क्षेत्र गौचर की जनता भारी संख्या में मौजूद रही। वहीं दूसरी ओर पोखरी विकासखंड की ग्राम पंचायत रानों में भी विभिन्न पात्रों के रूप में शानदार अभिनय करने पर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी जा रही है। इस मौके पर ग्राम प्रशासक चन्द्र सिंह भंडारी, राजेन्द्र सिंह भंडारी, उत्तम सिंह भंडारी, मुकेश भंडारी, वीरेंद्र सिंह भंडारी आदि सहित मातृशक्ति मौजूद रही। इसी के समीपवर्ती गांव बमोथ में रामलीला मंचन की अंतिम रात्रि 10 वें दिन लीला में मेघनाथ व लक्ष्मण का संवाद के साथ लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ का वध, सुलोचना का विलाप, कुम्भकरण का वध, राम व रावण का युद्ध, राम के हाथों रावण का मारा जाना, माता सीता की अग्निपरीक्षा तथा रामचन्द्र जी द्वारा विभीषण का राज्याभिषेक की लीला का श्रद्धालुओं ने देर रात तक बैठे रहकर भरपूर मनोरंजन किया। लीला में राम सुखवीर मल्ल, सीता प्रियांशु भंडारी, लक्ष्मण प्रांजल भट्ट, रावण जगमोहन भट्ट, मेघनाथ विपुल भट्ट, कुम्भकरण सतेन्द्र मल्ल, हनुमान विवेक ठाकुर आदि का अभिनय की दर्जकों ने खूब तारीफ की। लीला का शुभारंभ वयोवृद्ध समाजसेवी पूर्व प्रधान ललिता प्रसाद लखेड़ा द्वारा किया गया।

इस दौरान रामलीला मंडली द्वारा गांव के वयोवृद्ध चक्रधर चमोला, चौन सिंह कंडारी, राजेश्वर प्रसाद

**गंगा घाटी के रावलनगर, रानों और बमोथ में रामलीला मंचन में दशज़्कों की भीड़ उमड़ रही है'**

सिलोड़ा, सुदर्शन सिंह खत्री, जयन्ती प्रसाद पन्त, कलम सिंह खत्री आदि लोगों को सम्मानित किया गया।

मंडली के अध्यक्ष राकेश चन्द्र भट्ट के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में सभी के सहयोग से संचालित लीला मंचन के इस मौके पर मंडली के अनुभवी कोषाध्यक्ष धन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रदीप लखेड़ा, संगीतज्ञ हारमोनियम मास्टर विनोद पुरोहित, सुभाष चमोला, महावीर रावत, संजय लखेड़ा, राकेश ममगाईं, अनिल बहुगुणा, अंशुल भट्ट, रमेश भंडारी, राजेश पन्त, देवचन्द्र ठाकुर, धीरेन्द्र चौधरी, नागेन्द्र नेगी, बर्तेश पुरोहित, लक्ष्मी प्रसाद पन्त, हरीश नेगी, विनोद रावत, नत्था सिंह मल्ल, नीरज पन्त, वीरेंद्र ठाकुर, जीतेन्द्र मल्ल, मदन मोहन भट, सहित भारी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

## वनभूलपुरा पुलिस ने चोरी के 48 घंटे के भीतर की स्कूटी बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** आरोपी आसिफ पुत्र असफाक हुसैन', निवासी 'इन्द्रानगर, पप्पू का बगीचा, थाना बनभूलपुरा' द्वारा थाना बनभूलपुरा में सूचना दी गई थी कि उसकी स्कूटी 'होंडा एक्टिवा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा 'इन्द्रानगर क्षेत्र से चोरी' कर लिया गया है। प्राप्त प्रार्थनापत्र के आधार पर थाना बनभूलपुरा में मुकदमा अपराध संख्या 168/25 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए 'प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी बनभूलपुरा' द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा 'आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन' किया गया, जिसके आधार पर अभियुक्त 'जफर पठान पुत्र शंख असगर', निवासी 'चौनल गेट, छोटी रोड, इन्द्रानगर, थाना बनभूलपुरा' पहचान की गई। पुलिस ने आरोपी को इन्द्रानगर फाटक से आगे यात्री विश्राम गृह के पास से 'चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार' कर लिया।



## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अन्तर्गत भीमताल पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाया जन जागरुकता अभियान

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी नैनीताल द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत अपनेदृअपने थाना क्षेत्रों में नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर स्थानीय लोगो को जागरूक करने व अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस क्रम में 'थानाध्यक्ष भीमताल विमल कुमार मिश्रा' के निर्देशन में भीमताल पुलिस द्वारा थाना भीमताल क्षेत्रान्तर्गत टैक्सी स्टैण्ड व डांट क्षेत्र में नशा के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगो को जागरुक किया गया तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे में अवगत कराया गया। सभी से जीवन में कभी नशा न करने तथा अपने परिजनों और मित्रो को भी नशे के संबंध में जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

## कांग्रेसजन पंचायत चुनाव को संगठन विस्तार के उत्सव के रूप में लें: महर्षि

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से इसे संगठन विस्तार के उत्सव की तरह लेने का आह्वान किया है।



कांग्रेस नेता राजीव महर्षि।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी एव मुख्य मीडिया समन्वयक राजीव महर्षि ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा तथा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ कर पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का एक बेहतर अवसर बताया है और इसके लिए पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। महर्षि ने कहा कि प्रदेश में लंबे समय से पंचायती राज व्यवस्था को राज्य सरकार द्वारा स्थगित रखा गया है। ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक सब कुछ जनप्रतिनिधित्व विहीन हो गया था।

जिला सरकार नाम की यह व्यवस्था कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद पहले प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया, फिर इसे प्रयोगशाला बनाते हुए जनप्रतिनिधियों को ही प्रशासक बनाया गया और इसी माह एक बार फिर पंचायतों को नौकरशाही के अधीन कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार अब पंचायत चुनाव के लिए तैयार हुई है, इसलिए इस अवसर का पार्टीजनों द्वारा लाभ उठाया जाना चाहिए। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और राजीव गांधी जी द्वारा पंचायती राज कानून लागू किए जाने से एक बड़ा स्वप्न साकार हुआ था।

# बिंदुखत्ता क्षेत्र में हुई चोरी के खुलासे को लेकर ग्रामीणों ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिन्दुखत्ता क्षेत्र में चोरी की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आज लालकुआं कोतवाल दिनेश फर्त्याल से भेंट करते हुए जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग की। इस दौरान लालकुआं कोतवाल दिनेश फर्त्याल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर माल बरामद कर लिया जाएगा।

सोमवार को बिन्दुखत्ता क्षेत्र से भारी संख्या में लालकुआं कोतवाली पहुंचे ग्रामीणों ने कोतवाल दिनेश


क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग को लेकर कोतवाल को ज्ञापन देते ग्रामीण।

फर्त्याल को ज्ञापन देते हुए हाल ही में बिंदुखत्ता के संजय नगर क्षेत्र में हुई चोरी का अभिलंब खुलासा करने की मांग की। जिसपर कोतवाल ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द कार्यवाई करने का आश्वासन दिया है।

इस मौके पर ग्रामीणों का कहना था कि बिन्दुखत्ता क्षेत्र में बीते दो महीने के भीतर चोरी की कई वारदात हो चुकी है। परंतु अब तक एक भी चोरी की वारदात का खुलासा नहीं हुवा है।

उल्लेखनीय है कि बीती 29 मई को बिन्दुखत्ता के संजय नगर द्वतीय निवासी पार्वती देवी पत्नी प्रताप सिंह कोरंगा के आवास पर दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 46 हजार रुपये नगदी और लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। इसके अलावा हल्दूचौड क्षेत्र में ठीक इसी तरह ज्वैलर्स के घर हजारों की नगदी और लाखों रुपए के जेवरात चोरी करके फरार हो गये। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पूर्व ही हल्दूचौड स्थित बमेटा बंगर खीमा निवासी गीता जोशी के घर का दिनदहाड़े ताला तोड़कर लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी चले गए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक से भेंट करने वालों में हल्द्वानी नगर निगम के पार्षद शैलेंद्र दानू, बिंदुखत्ता भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक जोशी, हर सिंह कोरंगा, भूपेंद्र कोरंगा और पार्वती देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सीडीओ ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को नोडल अधिकारियों बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने की। इस दौरान उन्होंने नोडल अधिकारियों से मतदान केंद्रों के साथ ही चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को समय से निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद करने के निर्देश दिए।



जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और छूटे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के निर्देश दिए। साथ ही विकास खंडों की ओर से नाम हटाने के लिए दी गई सूची का अवलोकन और जांच कर रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने, पोलिंग पार्टियों की आवाजाही के लिए तय रुट के साथ वैकल्पिक मार्गों का चयन और वर्तमान स्थिति की जानकारी भी देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों और मतगणना स्थलों पर अस्थाई निर्माण की व्यवस्था के लिए लोनिवि के अधिशासी अभियंता को शीघ्र नोडल अधिकारी तैनात करने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने मतपत्र वितरण, चिकित्सा व्यवस्था, प्रत्याशियों के आय–व्यय का ब्यौरा रखने के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारियों व पुलिस उपाधीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की सूची का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान परियोजना अधिकारी आनंद सिंह भाकुनी, उप जिलाधिकारी राजकुमार, मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां, अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल व सुचारू संचालन के लिए सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जनपद में तैनात आरओ व एआरओ को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी आरओ व एआरओ को प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंकाओं का समाधान करने की बात कही। ताकि चुनाव प्रक्रिया शुरु होने पर किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस दौरान प्रशिक्षक आत्म प्रकाश डिमरी ने अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया, पात्र वैधता के साथ ही अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनपद में तैनात सभी आरओ व एआरओ मौजूद थे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी सरगर्मियां हुई शुरू

**चमोली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव सरगर्मियां तेज हो गयी है। लोग सोशियल मीडिया से दावेदारी करने लगे है।

कर्णप्रयाग विकासखंड में 94 ग्राम पंचायत, 31 क्षेत्र पंचायत, 3 जिला पंचायत वार्ड है। 94 ग्राम पंचायतों में से 46 महिलायें प्रधान बनेगी जबकि 31 क्षेत्र पंचायत में से 16 वार्ड महिलाओ को आरक्षित है।जबकि तीन जिला पंचायत वार्ड में दो वार्ड महिलाओं के लिये आरक्षित है। जिला पंचायत की सिमली वार्ड सामान्य वर्ग के लिये आरक्षित है ।

जिला पंचायत सिमली वार्ड से पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह नेगी, भाजपा प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य समीर मिश्रा, बिक्रम सिंह कठैत, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गौतम मिंगवाल, शोभित डिमरी, सुनील गुसाई, राजीव खंडूरी पूर्व प्रधान खंडूड़ा, राजेन्द्र सिंह सगोई पूर्व प्रमुख, गम्भीर सिंह मियां ने दावेदारी की है।

# दून का प्रतिष्ठित होटल 'द सॉलिटेयर' बना 'प्राइड प्रीमियर सॉलिटेयर'

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हरिद्वार बाईपास रोड स्थित द सॉलिटेयर होटल, जो की उत्तराखंड के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में एक चर्चित नाम है, ने आज आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने नए नाम प्राइड प्रीमियर सॉलिटेयर के रूप में रीब्रांड होने की घोषणा करी। यह घोषणा सॉलिटेयर होटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषि बंसल द्वारा की गई।

यह साझेदारी देहरादून की इस आइकोनिक प्रॉपर्टी के लिए एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरुआत है, जहां यह भारत की अग्रणी होम–ग्रोन हॉस्पिटैलिटी ब्रांड प्राइड होटल्स ग्रुप के साथ मिलकर उत्कृष्टता की विरासत और विश्वस्तरीय सेवा के प्रति नए संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। 2012 में स्थापित द सॉलिटेयर देहरादून के प्रीमियम होटलों में से एक है, जो अपनी सटीक लोकेशन और उत्कृष्ट सुविधाओं के लिए जाना जाता है। बीते वर्षों में इस होटल ने कई बड़े कॉन्फ्रेंस, भव्य समारोहों और सामाजिक आयोजनों की मेजबानी की है और यह दून घाटी के कॉरपोरेट व लीजर ट्रैवल के बीच एक पसंदीदा चॉइस बन चुका है। अब द सॉलिटेयर और प्राइड होटल्स ग्रुप ने अपनी विशिष्ट विरासत को एकीकृत करते हुए प्राइड प्रीमियर सॉलिटेयर नामक नई ब्रांड आइडेंटिटी के तहत साथ काम करना शुरू कर दिया है। यह नया अवतार पुराने होटल की विरासत को सहेजते हुए, प्राइड ग्रुप की हॉस्पिटैलिटी की भावना, संचालन की उत्कृष्टता और अखिल भारतीय पहचान को अपने भीतर समाहित करेगा।

# पर्यटकों से लूटपाट और मारपीट करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रात के अंधेरे में पर्यटकों से मारपीट कर उन्हे लूटने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से लूटा गया फोन व हजारों की नगदी बरामद की गयी है।



गिरफ्तार आरोपी।

जानकारी के अनुसार बीती 20 जून को गाजियाबाद निवासी प्रेम कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने थाना गोविन्दघाट पर सूचना दी कि वे अपने दो पुरुष व दो महिला साथियों के साथ फूलों की घाटी घूमने आए थे। बताया कि 19 जून की रात करीब 12 बजे घांघरिया स्थित लक्ष्मण गंगा नदी पर बनी पुलिया के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने उन सभी के साथ लाठीडंडों व पत्थरों से मारपीट की। उन्होंने प्रेम कुमार की जेब से पर्स व उसमें रखे 3 हजार रुपये छीन लिए। बदमाशों ने उनका कॉलेज पहचान पत्र भी लेकर फोटो खींची और धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी तो वे कॉलेज आकर गोली मार देंगे। इसके अलावा, बदमाशों ने उनसे व उनके सभी साथियों के मोबाइल फोन छीन लिए और जबरदस्ती कोड पूछकर कुल 47 हजार रुपये गूगल पेफोन पे के माध्यम से किसी अज्ञात नंबर पर ट्रांसफर करवा दिए। बदमाशों ने महिला साथियों के साथ भी अभद्रता की और डरा धमकाकर उनकी तलाशी ली। मामले की संवेदनशीलता और पर्यटन क्षेत्र को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गयी। लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस टीमों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बीती रात घटना में शामिल तीनों शातिर बदमाशों को घांघरिया बायपास रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया।

# चमोली में माँ नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को वर्ष 2026 में होने वाली माँ नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विश्व की सबसे लम्बे पैदल यात्रा के सुचारु और सफल संचालन के लिए यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर सड़क, पैदल मार्ग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, वाहन पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधा सहित सभी यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। कहा कि शासन की ओर से यात्रा मार्ग के कार्यों को अति आवश्यक, आवश्यक और धनराशि की उपलब्धता के आधार पर प्रस्तावित करने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पूरे यात्रा मार्ग पर सड़क व पैदल मार्ग, पुल और शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यकता के अनुसार प्राथमिकता वाले कार्यों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री की ओर से यात्रा मार्ग और पड़ावों पर की गई घोषणा के कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। ताकि समय से व्यवस्थाओं का दुरुस्त किया जा सके। उन्होंने यात्रा को सुगम बनाने के लिए विश्राम गृह, अस्थाई छायादार शेड निर्माण और यात्रा मार्ग संबंधी जानकारी के साइनेज स्थापना के लिए स्थानों का चयनित करने के निर्देश दिए। कहा कि यात्रा मार्गों पर पर सौंदर्यीकरण, दीर्घकालीन सुधार जैसे कार्यों के प्रस्ताव बजट के आवंटन के आधार पर किया जाएगा।

साथ ही यात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन अधिकारी को यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए डीडीआरएन (डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिर्सोस नेटवर्क) स्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही, ताकि निर्माण कार्यों में ओवरलैपिंग से बचा जा सके।

# सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित कांवड़ मेला संपादन हेतु दुरुस्त करें तैयारी: मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव ने सभी विभागों और कार्यदाई संस्थाओं को कांवड़ मेले के संचालन से संबंधित सभी तैयारियां को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि व्यवस्थित कांवड़ मेले में बाधक बनने वालों (नशे में लिप्त, उत्पात मचाने वालों, हिंसक प्रवृति को बढ़ावा देने वालों) पर सख्ती की जाए तथा मेले के दौरान बड़े डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाए।



मुख्य सचिव।

उन्होंने नगर निकायों को नियमित साफ–सफाई, शौचालय व पार्किंग, जल संस्थान को पेयजल की निर्बाध सप्लाई, फूड सेफ्टी विभाग को खानपान की चीजों की नियमित देख–रेख और पूर्ति विभाग को किसी भी तरह की ओवर रेटिंग पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि साफ–सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग इत्यादि में यदि किसी भी तरह की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित विभाग और संबंधित कार्यदाई संस्था पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव ने समय रहते संबंधित कार्यदायी संस्थाओं की बैठक करते हुए उनको आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने को कहा। उन्होंने सिंचाई विभाग को विभिन्न स्नान घाटों और पुलों पर बेहतर साफ–सफाई और जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कांवड़ मेला की अवधि 11 जुलाई से 23 जुलाई तक रहेगी। पंचक अवधि 13 से 17 जुलाई तक, डाक कावड़ 20 से 23 जुलाई तक तथा जलाभिषेक (श्रावण शिवरात्रि) 23 जुलाई को होगा। बैठक में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा कांवड़ मेले के केंद्र बिंदु हरिद्वार कांवड़ के सफल संचालन हेतु की गई तैयारियों, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का विवरण प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। यातायात के प्रबंधन के लिए विभिन्न रूट, स्थाई–स्थाई पार्किंग, जनपद में आने वाले तथा अन्य जगह जाने वाले वाहनों के अनुरूप रूट डाइवर्जन प्लान इत्यादि से अवगत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने अवगत कराया कि कांवड़ मेले के प्रबंधन हेतु इसको 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टर में विभाजित किया गया है। कांवड़ मेले के संचालन से संबंधित चुनौतियों तथा उनसे निपटने के लिए किए जाने वाले स्थाई– अस्थाई निर्माण कार्यों की आवश्यकता और उससे संबंधित बजटीय प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। देहरादून, पौड़ी और टिहरी जनपदों द्वारा भी अपनी तैयारी और बजटीय आवश्यकताओं से अवगत कराया। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरुगेशन, आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पांडेय, महानिरीक्षक के एस नग्नयाल सहित जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार, देहरादून, पौढ़ी व टिहरी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जेके ऑर्गनाइजेशन ने रक्तदान शिविर आयोजित किए

**देहरादून।** अग्रणी औद्योगिक समूह, जेके ऑर्गनाइजेशन ने जेके ऑर्गनाइजेशन के पूर्व अध्यक्ष और 4 बिलियन डॉलर के समूह के विकास में मुख्य भूमिका निभाने वाले एक प्रमुख वास्तुकार स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की 92वीं जयंती मनाने के लिए अपने विभिन्न संयंत्रों और बिक्री कार्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए।

समूह की कंपनियों के लगभग 7,800 कर्मचारियों ने इस मानवीय पहल का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से योगदान दिया। रक्तदान से पहले, सभी प्रतिभागियों ने रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और वजन के आकलन सहित बुनियादी स्वास्थ्य जांच करवाई। प्रत्येक रक्तदान दाता को उनके योगदान के सम्मान में प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समूह विभिन्न सामाजिक पहल करता रहता है, इस दिन आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया को एक विशेष श्रद्धांजलि दी गई, जो समाज को समर्थन देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध थे।

## द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में अमृता विद्यापीठम ने दुनिया के टॉप 50 संस्थानों में बनाई जगह

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में अमृता विश्व विद्यापीठम दुनिया की टॉप 50 यूनिवर्सिटीज में शामिल होने वाला भारत का एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान बना है।

अमृता ने 41वीं ग्लोबल रैंक हासिल की है और यह अब संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पर प्रभाव के मामले में भारत की नंबर 1 यूनिवर्सिटी बन गई है। पिछले साल इसकी रैंकिंग 81वीं थी। यूनिवर्सिटी ने एसडीजी 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) के लिए दुनिया भर में 5वीं और एसडीजी 7 (सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा) के लिए 6वीं रैंक हासिल की है, जो इसे इन क्षेत्रों में विश्व की सबसे बेहतर यूनिवर्सिटीज में स्थापित करती है। इसके अलावा एसडीजी 5 (लैंगिक समानता) के लिए इसे 14वीं और एसडीजी 3 (स्वास्थ्य और कल्याण) के लिए 29वीं रैंक मिली है। ये रैंकिंग्स अमृता विश्व विद्यापीठम के लिए समावेशी और समान विकास के महत्वपूर्ण संकेत हैं। अमृता विश्व विद्यापीठम की प्रोवोस्ट और यूनस्को की चेयर (अनुभव आधारित सीख और सतत नवाचार) डॉ. मनीषा वी. रमेश ने कहा, हमें यह अंतरराष्ट्रीय पहचान अपनी चांसलर अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) के दूरदर्शी मार्गदर्शन की वजह से मिली है। अम्मा हमेशा करुणा, सेवा और विज्ञान को सबसे जरूरी मानती हैं, और यही अमृता यूनिवर्सिटी का मूल आधार है। यह रैंकिंग्स दिखाती हैं कि हम दिल से यह कोशिश कर रहे हैं कि दुनिया में बदलाव लाया जाए।

## निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, देहरादून शाखा द्वारा आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को संस्थान के प्रांगण, निरंजनपुर, देहरादून में किया गया।



अतिथि का स्वागत करते हुए।

इस शिविर में गवर्नमेंट दून हॉस्पिटल, जीडीएमसी देहरादून एवं पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। मरीजों को मेडिकल, फिजियोथेरेपी, दंत चिकित्सा, नेत्र जांच, लैब टेस्ट और निशुल्क दवा वितरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में सभी रक्त परीक्षणों पर 50 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक की छूट दी गई, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। इस दिव्य अवसर पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, उत्तराखंड की कोऑर्डिनेटर साध्वी अरुणिमा भारती ने बताया कि स्वस्थ तन से ही स्वस्थ मन का निवास होता है, इसी से मनुष्य परमात्मा को प्राप्त कर सकता है। कैंप में डॉ. योगेश्वरी (दंत चिकित्सक), डॉ. अनया रैना (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. दिव्यांशु (सर्जन), गवर्नमेंट दून हॉस्पिटल से, एवं डॉ. अनिरुद्ध उनियाल (फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ, पीजीआई चंडीगढ़) द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में नव्य भारत चौरिटेबल रेडक्लिफ कलेक्शन सेंटर, बालावाला, देहरादून द्वारा रक्त जांच सेवा न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराई गई, वहीं सिटी मेडिकल स्टोर, जीएमएस रोड, देहरादून की टीम जिसमें आशीष सैनी और सहयोगी शामिल रहे, जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित कीं।




## मर्मस्पर्शी युगल गीत "आस-त्वे से मिलणै की" यूट्यूब पर लॉन्च हुआ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में फिल्म डेस्टिनेशन एवं उत्तराखंड सरकार के सपनों को पंख लगाते हुए उत्तराखंड की बेटी द्वारा निर्मित मर्मस्पर्शी युगल गीत "आस– त्वे से मिलणै की" यूट्यूब पर लॉन्च हुआ।

उत्तराखंड की लोक संस्कृति और भावनाओं को संजोए हुए, 'म्यूजिकल राब्ता' के बैनर तले नया गढ़वाली युगल गीत "आस– त्वे से मिलणै की" श्रोताओं के बीच दस्तक दे चुका है। इस गीत को अपनी सुरीली आवाज से संवारा है उत्तराखंड की जानी–मानी गायिका श्रद्धा कूहुप्रिया और युवा गायक नियो फर्स्वान ने। गीत के बोल लिखे हैं प्रदीप फर्स्वान ने और संगीत संयोजन किया है हैदर अली ने।

"आस– त्वे से मिलणै की" एक मन को छूने वाला गढ़वाली प्रेम गीत है, जिसमें प्रेम, विरह और मिलन की भावनाओं के साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक जड़ों को बड़े ही भावुक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। यह गीत न केवल संगीत प्रेमियों को भावुक करता है, बल्कि उन्हें पहाड़ की मिट्टी और भावनाओं से भी जोड़ता है। इस गीत की शूटिंग उत्तरकाशी जिले के सूदूर स्थलों रैथल, भंगेली गाँव और हर्षिल में की गई है। दो दिनों तक चली इस शूटिंग में कलाकारों और टीम ने रात–दिन की मेहनत के साथ कई यादगार दृश्य कैद किए। इस गीत का निर्देशन किया है निर्देशक युद्धवीर सिंह नेगी (युवी) ने, जिन्होंने इस भावनात्मक कहानी को बहुत ही खूबसूरती से प्रदर्शित किया है। श्रद्धा कूहुप्रिया उत्तराखंड की एक विशिष्ट आवाज बन चुकीं हैं, जो हर भाव और शैली को पूरी आत्मा से निभातीं हैं। चाहे जागर हो, प्रेम गीत, या कोई नृत्य गीत कृ हर विधा में उन्होंने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया है। इससे पहले उनके चर्चित गीत रहे हैं 'धुन्याल जीतू बगड़वाल' पांड़वाज के साथ जागर शैली में, 'सौं खैकी बोल मेरी' एक लोकप्रिय प्रेम गीत, 'छुबकू यारा'नरेन्द्र सिंह नेगी जी द्वारा रिलीज किया गया था इन गीतों ने श्रद्धा कूहुप्रिया को न सिर्फ प्रसिद्धि दिलाई बल्कि आधुनिकता के इस युग में लोकगायिका के रूप में उनकी उपस्थिति भी दर्ज कराई।

24 June 2025_Copy of Layout 1 6/24/2025 1:44 PM Page 8



# उधमसिंहनगर में कांग्रेस नेता पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के काशीपुर में कांग्रेस पार्टी के आईटी सेल संयोजक और प्रदेश सचिव रवि पपने पर हमला करने वाले दो आरोपियों को आईटीआई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि घटना में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने रंजिश के चलते वारदात को अन्जाम दिया था।

आईटीआई थाने के अंतर्गत सैनिक कॉलोनी निवासी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक आईटी सेल रवि पपने ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देते हुए कहा था कि 16 जून की रात करीब 11 बजे वह कृष्णा हॉस्पिटल के पीछे, फर्नीचर की दुकान के सामने स्लैब पर बैठकर अपने फोन में वीडियो देख रहे थे। तभी अचानक तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

और उनके साथ गाली गलौज करते हुए बैल्टों से मारपीट करने लगे। जिससे उनकी आंख के ऊपर, नाक, होंठ, हाथ, पीठ और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं।

तीनों हमलावरों में से एक के हाथ में मोबाइल था, जिसने उक्त घटना का वीडियो बनाया। बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। रवि पपने के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर आईटीआई थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 131, 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा घटना की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह और क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया। जिसमें से एक टीम को घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखने और दूसरी टीम को घटना में सम्मलित अज्ञात लोगों की शिनाख्त हेतु मैन्युअल रूप से लगाया गया।

गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों की जांच और अन्य जानकारी के आधार पर पाया कि घटनों को अयान शेख पुत्र जावेद निवासी जसपुर खुर्द काशीपुर, सौरभ दिवाकर पुत्र सुरेश दिवाकर निवासी जसपुर खुर्द काशीपुर और हर्षित राणा निवासी गढ़वाल सभा जसपुर खुर्द काशीपुर द्वारा अंजाम दिया गया। पुलिस ने 22 जून रविवार को अयान शेख और सौरभ दिवाकर को चौती मैदान के पास से गिरफ्तार किया। जबकि तीसरे आरोपी हर्षित राणा की तलाश जारी है।

## 50 दिनों में केदारनाथ धाम यात्रा में करीब 300 करोड़ का कारोबार

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। एक ओर जहां बाबा केदारनाथ के दर्शन को देश विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है। वहीं स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है। बाबा के कपाट खुले 50 दिनों का समय पूर्ण हो चुका है। अब तक करीब 12 लाख श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके हैं। इस अवधि में घोड़े–खच्चर, हेली, डंडी–कंडी सहित होटल एवं रेस्तरां व्यापारियों ने करीब तीन अरब का कारोबार कर लिया है। स्थानीय व्यापारियों, महिला स्वयं सहायता समूहों से लेकर टैक्सी संचालन या अन्य किसी भी व्यवसाय से जुड़े लोगों को बढ़ती यात्रा का पूरा लाभ मिल रहा है।

# कलस्टर विद्यालय, गुणवत्तापरक शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा: पूर्व शिक्षा मंत्री

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने प्रत्येक बच्चे के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा को सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए कलस्टर विद्यालयों का समर्थन किया है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति की इस पहल के खिलाफ कांग्रेसी बयानबाजियों उनकी शिक्षा विरोधी मानसिकता करार दिया है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री खजान दास ने कहा, उत्तराखंड राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला पहला राज्य है, जिससे राज्य में शिक्षा को लेकर ऐतिहासिक सुधार किए जा रहे हैं। इसी शिक्षा नीति की मूल भावना के अन्तर्गत ही विद्यालय समेकन अथवा क्लस्टर विद्यालय की योजना आगे बढ़ाई जा रही है। इस सबको लेकर हमारी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और संसाधनों का उचित उपयोग करना। दरअसल कलस्टर विद्यालय को केंद्र बनाकर आसपास के छोटे विद्यालयों को इससे जोड़ा जा रहा है ताकि निकटवर्ती विद्यालय शिक्षक, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल सामग्री जैसे संसाधनों को साझा कर सकें, और छात्रों को समान अवसर मिल सके। इस योजना आस पास के माध्यमिक विद्यालय ही नहीं अपितु प्राथमिक एवं उत्च्च प्राथमिक विद्यालयों को भी आदर्श बनाया जाएगा।

## कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन

**देहरादून।** मुजफ्फरनगर–शहर के प्रसिद्ध सीएसबी कैफे में एक विशेष कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का संचालन जानी–मानी आर्टिस्ट सीमा त्यागी द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस रचनात्मक सत्र में बच्चों को लैंडस्केप पेंटिंग और भगवान गणेश की चित्रकारी सिखाई गई। सीमा त्यागी ने बच्चों को रंगों की समझ, ब्रश तकनीक और कल्पना को कैनवास पर उतारने के तरीके सिखाए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अत्यंत लगन और जोश के साथ अपनी–अपनी पेंटिंग्स तैयार कीं। बच्चों की रचनात्मकता और उनकी पेंटिंग्स ने सभी को प्रभावित किया।

## न्यूज डायरी

### गढ़ कोकिला हेमा नेगी करासी ने किया सीव्यू सेवा ट्रस्ट की धर्मपुर स्थित कार्यालय का शुभारंभ




**देहरादून।** उत्तराखंड के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र एवं दूर दराज के जगह पर रह रहे नेत्रहीन लोगों को मदद करने के लिए सीव्यू सेवा ट्रस्ट के द्वारा आज देहरादून के धरमपुर निकट रेवती नर्सिंग होम के पास सी व्यू आई केयर सेंटर का शुभारंभ किया। इस का शुभारंभ गढ़ कोकिला हेमा नेगी कराशी ने किया। इस सेंटर में विशेष सेवाए जिसमे कम रोशनी, भैंगापन, आलसी ऑख, केरेटोकोनस जैसे लाइलाज आंखों की बीमारियों का बिना ऑपरेशन और बिना दवाई के सी व्यू की प्रिशिक्षित टीम द्वारा सुविधा प्रदान की जाएंगी। संस्थापक महावीर बर्थवाल ने कहा ष्यह सीव्यू सेवा ट्रस्ट केंद्र उत्तराखंड के दृष्टिबाधित लोगों को हर मुश्किल एवं जटिल बीमारियों से निजात दिलाने के लिए दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाने की जरूरत नही पड़ेगी और उनका उचित उपचार करने में मदद करेगा। सीव्यू सेवा ट्रस्ट एवं सीव्यू आई केयर द्वारा हर रविवार को प्रदेश के विभिन्न सुदूर प्रवतीय क्षेत्रो में कैंप का आयोजन किया जाता है एवं नेत्र से संबंधित गंभीर और जटिल बीमारियों को पहचान कर इस अत्याधुनिक केंद्र पर उपचार किया जा रहा है।

# सीमेंट के ट्राले के पीछे जा घुसी तेज रफ्तार कार, चार की मौत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रविवार सुबह क्लेमेंट टाउन क्षेत्र में तेज रफ्तार मारुति रिट्ज कार अनियंत्रित होकर एक सीमेंट से लदे ट्राले में पीछे से जा घुसी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को तत्काल हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक गंभीर घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह एक कार सहारनपुर की ओर से देहरादून आ रही थी। आशारोड़ी के पास सामने चल रहे ट्राले से कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त



थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को कटर से काटकर फंसे लोगों को बाहर निकाला। उसके बाद तत्काल उन्हे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने चार व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस के अनुसार घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से दून कोरोनेशन अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक घायल युवक का इलाज चल रहा है। मृतकों में अंकुश, पारस निवासी पुरखास धीरन, सोनीपत हरियाणा अंकित, तहसील जुलाना, जींद हरियाणा और नवीन, रोहतक हरियाणा की इस घटना में दर्दनाक मौत हो गई।

## पेज 01 का शेष...

### अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीएम ने किया सम्मानित

राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटा लागू किया गया है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 3900 तथा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2155 खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जा रही है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में नई खेल नीति में खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई प्राविधान किये गये हैं। राज्य में खेल इन्फ्रास्टक्चर का तेजी से विकास हुआ है। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर उत्तराखण्ड को मिला, जिसमें उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा है। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, अपर निदेशक खेल अजय अग्रवाल और खेल विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19